ग्वालियर। मध्य प्रदेश लोक सेवा आयोग ने राज्य सेवा मुख्य परीक्षा 2016 के कार्यक्रम में बदलाव कर दिया है। पहले ये बताया गया था कि मैन्स की परीक्षा 2 नवम्बर से आयोजित की जाएगी, लेकिन सोमवार को आयोग ने परीक्षा तिथि में संशोधन कर दिया। नई सूचना के अनुसार अब परीक्षा 1 अक्टूबर से होंगी। फिलहाल आयोग ने परीक्षा का टाइम टेबल जारी नहीं किया है।

यह भी पढ़ें-MPPSC ने जारी किया 2017 का केलेंडर, 5 फरवरी को होगी 2017 प्रारंभिक परीक्षा

यह भी पढ़ें- MPPSC PRE 2016का रिजल्ट घोषित, यहां देखें नतीजे

जानकारी के मुताबिक शनिवार 9 जुलाई को आयोग ने सिवि सेवा प्रारंभिक परीक्षा के परिणाम घोषित किए, जिसमें मैन्स के लिए क्वालीफाई छात्रों के लिए रिजल्ट के अंतिम पृष्ठ पर सूचना दी गई थी कि मैन्स की परीक्षाओं का आयोजन 2 नवम्बर से किया जाएगा, लेकिन इसके दो दिन बाद सोमवार 11 जुलाई को आयोग ने अपने इस कार्यक्रम में संशोधन कर दिया। अब मैन्स की परीक्षा 1 अक्टूबर से आयोजित की जाएगी। बता दें कि मैन्स के लिए करीब 4400 से अधिक परीक्षार्थियों ने क्वालीफाई किया है।

20 जुलाई से भरे जाएंगे मैन्स के आवेदन
सिविल सेवा 2016 की मुख्य परीक्षा में आवेदन के लिए 20 जुलाई से प्रक्रिया शुरू हो जाएगी। वे छात्र जिन्होंने मैन्स के लिए क्वालीफाई कर लिया है, वे 20 जुलाई के बाद अपना आवेदन ऑनलाइन भर सकेंगे।